# तुझको आना होगा ( गौरी सुत गणराज पधारो ) | By Rakesh Kumar Sharma

गौरी सुत गणराज पधारो
आके सारे काज संवारो
तुझको आना होगा, तुझको आना होगा

सारे देवो में पहले तुझको मनाएं
तू ही दयालु सारे विघ्न हटाए
गिरिजा के प्यारे बाबा शिव के दुलारे
दुखडो से देवा अब हमको उबारो
तुझको आना होगा, तुझको आना होगा
गौरी सुत गणराज पधारो
आके सारे काज संवारो
तुझको आना होगा, तुझको आना होगा

रिद्धि सिद्धि के दाता आप कहायें
कृपा दिखाओ दाता गुण तेरे गायें
अटकी कश्ती को आके पार उतारो
भक्तों की नैया अब है तेरे सहारे
तुझको आना होगा, तुझको आना होगा
गौरी सुत गणराज पधारो
आके सारे काज संवारो
तुझको आना होगा, तुझको आना होगा

मालियागिरि चन्दन का टीका लगाऊं
लड्डुवन का देवा तेरे भोग लगाऊं
हर्ष दीवाना तेरी बाँट निहारे
मेरे भी अटके सारे काज सुधारो
तुझको आना होगा, तुझको आना होगा
गौरी सुत गणराज पधारो
आके सारे काज संवारो
तुझको आना होगा, तुझको आना होगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a4-%e0%a4%97%e0%a4%a3/